प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

प्रौद्योगिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों का कम्पनी में चयन

पन्तनगर। 9 जुलाई 2024। विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के माध्यम से अध्यनरत छात्रों के लिए मैसर्स अल्ट्राजेनिक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजिज, नोएडा द्वारा सेवायोजन हेतु साक्षात्कार किया गया जिसमें बी.टेक. जून 2024 में उत्तीर्ण होने वाले कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) ब्रान्च के कुल 58 छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसके उपरान्त दूसरे चक्र में 26 अभ्यर्थी नामित हुए जिसमें तीन विद्यार्थियों क्रमशः आदर्श कुमार, एकांश अग्रवाल एवं छाया गंगवार का चयन हुआ। चयनित विद्यार्थियों को पैकेज रू. 8.00 लाख प्रतिवर्ष देय होगा।

अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के डा. अलकनन्दा अशोक के कुशल मार्गदर्शन एवं सहज सहयोग से प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी प्रो. बी.के. सिंह के प्रयासों और शिक्षकों के श्रेष्ठ शिक्षा मानको द्वारा उपलब्धि अजित हुई है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

(1) आदर्श कुमार

(2) एकांश अग्रवाल

(3) एवं छाया गंगवार

निदेशक संचार